# चूहे और चूहे

जे. बी. एस. हैल्डेन



# Rats

J. B. S. Haldane



# चूहे और चूहे

जे. बी. एस. हैल्डेन












# Rats

J. B. S. Haldane

बहुत पुरानी बात है। इंग्लैंड में स्मिथ नाम का एक आदमी रहता था। उसकी सब्ज़ी की दुकान थी। उसके चार बेटे थे। सबसे बड़े लड़के का नाम जार्ज था। यह बात तय थी कि बड़ा होकर जार्ज ही अपने पिता की दुकान संभालेगा।


स्कूल में उसने वनस्पतिशास्त्र की पढ़ाई की। उसने पत्तागोभी की एक सौ सत्तावन किस्मों का अध्ययन किया। पालक की चवालिस किस्मों के बारे में जानकारी हासिल की। पत्तागोभी में रहने वाली सत्तर अलग–अलग नस्लों की इल्लियों को पहचानना सीखा। और पत्तागोभियों पर देसी कीट नाशकों का छिड़काव किया। इसके परिणाम काफी आश्चर्यजनक निकले।



Once upon a time there was a man called Smith. He was a greengrocer and lived in Clapham. He had four sons. The eldest was called George, after the king, and it was arranged that he was to inherit his father's shop. So, at school he went to special botany classes, and learned about the hundred and fifty-seven different kinds of cabbage, and forty-four sorts of lettuce. And he went to zoology classes and learned about the seventy-seven kinds of caterpillars that live in cabbages, and how the green kind came out if you sprinkle the cabbages with soapy water, and the striped ones with tobacco juice, and the big fat brown ones with salt water. So, when he grew up he was the best greengrocer in London, and no one ever found caterpillars in his cabbages.



साबुन का घोल छिड़कने पर पत्तागोभियों में से हरे रंग की इल्लियां बाहर निकलीं। तम्बाकू का रस छिड़कने पर चितकबरी इल्लियां निकलीं। नमक का घोल छिड़कने पर मोटी–मोटी भूरी इल्लियां बाहर निकलीं। जब वह बड़ा हुआ, तो उसकी सब्ज़ी की दुकान पूरे लंदन शहर में सबसे मशहूर हुई। उसकी पत्तागोभी में कभी भी इल्ली या कीड़ा नहीं मिला।



But Mr. Smith only had one shop, so his other three sons had to seek their own fortunes. The second son was called Jim, but his real name was James, of course. He went to school and he won all the prizes for English essays. He was captain of the school soccer team, and played half-back. And he was very clever at all sorts of tricks, and used to play them on the masters. One day he stuck a match-head into the chalk. It wasn't a safety match-head either, but one of those blue and white ones that strike on anything. So when the master started writing on the board he struck the match and nobody did much work for the next five minutes. Another day he put methylated spirits in the ink-pots, and the ink wouldn't stick to the pens. It took the master half-an-hour to change all the ink, so they didn't get much French done that hour, and he hated French, anyway. But he never did ordinary tricks like putting putty in the keyholes or dead rats in the master's desk

परंतु मिस्टर स्मिथ की सिर्फ एक ही दुकान थी। इसलिए उनके बाकी बेटों को दूसरे धंधों में अपनी किस्मत आज़मानी थी। दूसरे बेटे को लोग जिम कह कर बुलाते थे। वैसे उसका असली नाम जेम्स था। वह अंग्रेज़ी में तेज़ था। उसने स्कूल में अच्छे निबंध लिख कर इनाम जीते थे। वह स्कूल की फुटबॉल टीम का कप्तान था। वह हाथ की सफाई और जादू के खेल दिखाने में भी बड़ा माहिर था। स्कूल के मास्टर कई बार उसकी शैतानियों का शिकार बने थे।

एक बार उसने चॉक में छेद करके उसमें एक माचिस की तीली धंसा दी। अगले दिन मास्टर जी ने जैसे ही ब्लैक बोर्ड पर चॉक से लिखा, वह जल उठी। उसके बाद अगले पांच मिनटों तक क्लास में कुछ भी पढ़ाई नहीं हो सकी।



The third son was called Charles, and he was fairly good at mathematics and history, and got into the cricket eleven as a slow-left handed bowler, but the only thing he was really good was chemistry. He was the only boy in his school (or in any other, for all I know) who had ever made paradimethylaminobenzaldehyde or even arabitol (which is really quite hard to make, and had nothing to do with rabbits). He could have made the most awful smells if he wanted to, because he know how. But he was a good boy and didn't. Besides if he had they might have stopped him doing chemistry, and he wanted to go on doing chemistry all his life.

The fourth son was called Jack. He wasn't much good at any of his lessons, nor at games either. He never managed to kick a ball straight, and he went to sleep when fielding at cricket. The only thing he was good at was wireless. He made pretty well



दूसरे दिन उसने स्याही की दवातों में मिथिलेटिड स्पिरिट मिला दी। उसका असर यह हुआ कि स्याही ने पेन से चिपकना ही बंद कर दिया। तब मास्टर जी को सारी दवातों की स्याही बदलनी पड़ी। इसमें लगभग आधा घंटा लग गया। इसलिए उस दिन फ्रेंच के क्लास में कुछ खास पढ़ाई नहीं हो पायी। वैसे भी जिम को फ्रेंच से चिढ़ थी।

पर वह कभी भी छोटी–मोटी हरकतें नहीं करता था। मिसाल के लिए, उसने कभी भी ताले के छेद में गीला आटा या पुट्टी नहीं भरी। उसने मास्टर जी की दराज़ में कभी मरे चूहे भी नहीं छिपाए।




everything in the set at home, except the valves, and he was learning to make them when the story begins. He had a great-aunt Matilda who was so old that she said she could remember the railway from London to Dover being built. She couldn't walk, and had to stay in bed all the time. He made ear-phones to listen with, and she said she hadn't been so happy since Queen Victoria's time. Jack was very clever with other electrical things too.

He made a special dodge to get electric light for his father's house without paying for it, and the meter didn't register anything for a week. Then his father found out what was happening

तीसरे लड़के का नाम चार्ल्स था। वह गणित और इतिहास में काफी तेज़ था। वह अपनी क्रिकेट टीम में लेफ्ट हैंड बॉलर भी था। पर अगर वह किसी एक विषय में एकदम काबिल था, तो वह था रसायनशास्त्र यानि कैमिस्ट्री। पूरे स्कूल में वह शायद एक मात्र ऐसा लड़का था जिसने कभी पैरा डीमिथाइल अमीनो बेंजलहीहाइड बनाया हो।

इस रसायन को बनाना बेहद कठिन है। वह सड़ी से सड़ी बदबुएं पैदा कर सकता था, क्योंकि वह उनकी रासायनिक विधियां जानता था। परंतु वह एक बहुत अच्छा लड़का था, और उसने ऐसा कभी नहीं किया। अगर वह गंदी बदबुओं को पैदा करता तो शायद उसे कैमिस्ट्री पढ़ने से रोक दिया जाता। परन्तु वह तो जीवन भर केवल कैमिस्ट्री ही पढ़ना चाहता था।



and said, "We mustn't do that, it's stealing from the electric company." "I don't think it's stealing," said Jack. "A company isn't a person, and besides the electricity goes through our lamps and back again to the main. So we don't keep it, we only borrow it." But his father made him take his gadget down, and even paid the company for the current, for he was an honest man.

Mr. Smith had a daughter named Lucille, but everyone called her Pudgy. She doesn't really come into the story, so I shan't say anything more about her till the end, except that when she was little her front teeth stuck out; but in the end the managed to push them in.



चौथे लड़के का नाम जैक था। वह पढ़ने-लिखने में कोई खास लायक नहीं था। न ही वह किसी खेल में बहुत अच्छा था। वह फुटबॉल कभी सीधी नहीं मार पाता था। क्रिकेट के मैच में वह एक बार फीलिंडग करते-करते सो गया था। अगर वह किसी एक चीज़ में उस्ताद था तो वह था वायरलैस।


उसने अपने घर में खुद एक वायरलैस सैट बनाया था। केवल उसके वाल्व उसने बाजार से खरीदे थे। इस कहानी की शुरुआत के समय वह वाल्व बनाना सीख रहा था। उसकी एक बूढ़ी नानी भी थी। नाम था मटिल्डा। वह बेहद बूढ़ी थीं। लंदन से लेकर डोवर तक की रेल-लाइन उसके बचपन में बिछी थी। वह चल फिर नहीं सकती थी। वह हर वक्त पलंग पर लेटी रहती थी। जैक ने उसके लिए एक जोड़ी 'ईयर फोन' बना दिए थे। उन्हें कान में लगाकर वह दिन भर संगीत सुनती रहती।



Now at this time there was a great plague of rats in the London Docks. They were specially fierce rats, whose ancestors had come on steamers from Hong Kong along with tea and ginger and silk and rice. These rats ate all sorts of food which are brought to London in ships because we cannot grow enough food in England to feed all the people there. They ate wheat from Canada and cheese from Holland, and mutton from New Zealand and beef from Argentina. They bit out pieces from the middle of Persian carpets to line their nests, and wiped their feet on silk coats from China.

जैक बिजली की तमाम चीज़ें बनाने में माहिर था। उसने बिजली मीटर में एक नई जुगाड़ फिट की थी। उससे बिजली के पंखे चलते, और बल्ब जलते परंतु मीटर आगे नहीं बढ़ता। हफ्ते भर तक उसकी रीडिंग एक ही जगह पर रुकी रही। जब उसके पिता को इसके बारे में पता चला तो वे बहुत नाराज़ हुए।

उन्होंने कहा, "हमें. इस तरह के गलत काम नहीं करना। हमें बिजली की चोरी नहीं करना चाहिए ।"




Now the man who is at the head of all the docks in London is called the Chairman of the Port of London Authority, and he is very big man indeed. He has an office near Tower Hill that is almost as big as Buckingham Palace. He was awfully angry about the rats, because he has to look after the cargoes that are brought in ships from the time they are unloaded till they are taken away in trains and lorries and carts. So he had to pay for the things the rats ate. He sent out for the best rat catchers in London. But they only caught a few hundred rats, because they were a very cunning kind of rat. They had a king who lived in a very deep hole, and the other rats brought him specially good food. They brought him chocolate that had come from Switzerland, bits of turkey from France, dates from Algiers, and so on. And he told the other rats what to do. If any rat got caught in a trap, he sent out special messengers to give warning of the danger. He had an army of ten thousand of the bravest young rats, and they used to fight any



"मेरे ख्याल से इसमें कोई चोरी नहीं है," जैक ने जवाब दिया, "अव्वल तो बिजली सरकार देती है। आदमी नहीं। दूसरी बात यह है कि बिजली बल्बों से होकर मेनलाइन में वापिस चली जाती है। हम बिजली को कोई अपने पास तो रखते नहीं। हम तो उसे थोड़ी देर के लिए उधार लेते हैं।"

परंतु उसके पिता नहीं माने। उन्होंने जैक से मीटर पर लगी जुगाड़ हटा लेने को कहा। क्योंकि वह एक ईमानदार आदमी थे, इसलिए उन्होंने बिजली कम्पनी का हरज़ाना भी दिया।

मिस्टर स्मिथ की एक बेटी भी थी। उसका असली नाम लूसेल था। लोग उसे पजी कहते थे। वैसे इस कहानी में उसका कोई खास रोल नहीं है। इसलिए मैं उसका ज़िक्र आखिर में करूंगा। बचपन में उसके दांत बाहर निकले हुए थे। आखिर में वे अपने सही जगह पहुंच गए।



other animals that were sent against them. A terrier can easily kill one or two rats; but if a hundred rush at him all at once, he may kill three or four of them, but the others will kill him in the end. The rats with the toughest teeth were trained to be engineers, and used to bite through the wire of rat-traps to let prisoners out.

उस वक्त लंदन के बंदरगाह में चूहों ने तहलका मचा रखा था। ये बड़े खूंखार किस्म के चूहे थे। उनके दादा परदादा चाय, अदरक, रेशम और चावल के बोरों में छिपकर स्टीमरों से हांग–कांग से यहां आए थे। क्योंकि इंग्लैंड में अनाज कम पैदा होता है, इसलिए वहां खाने की तमाम चीज़ें दूसरे देशों से मंगायी जाती हैं। विदेशों से आये खाने के माल को चूहे हज़म कर जाते।

वे कनाडा का गेहूं और हालैंड का पनीर खा जाते। वे न्यूज़ीलैंड से आया मांस और आर्जेंटीना का ताज़ा गोश्त खा जाते। वे ईरान से आए बेहतरीन कालीनों को कुतर–कुतर कर अपने बिलों में ले जाते। वहां उनसे अपना बिस्तरा बनाते। माल हज़म करने के बाद, चीन से आए रेशमी रूमालों से अपने हाथ–मुंह पोंछते।




So in one month these rats killed a hundred and eighty-one cats, forty-nine dogs, and ninety-five ferrets. And they wounded a lot of others so badly that they ran away if they even smelt a rat, let alone saw one. And they let out seven hundred and forty-two prisoners from six hundred and eighteen traps. So the rat catchers lost their best dogs and ferrets and traps, and gave up the job in despair. The people in the docks send round to the chemists' shop for all sorts of rat poison, and sprinkled it about mixed with different sorts of bait. But the king rat gave orders that none of his subjects were to eat food unless it came straight out of a box or a barrel or a bag. So only a few disobedient rats got poisoned, and the others said it served them right. And the poison was no more use than the dogs and ferrets and traps.



लंदन के सारे बंदरगाहों के मुखिया को लंदन पोर्ट अथारिटी का चेयरमैन कहते हैं। यह एक बहुत ऊंचा ओहदा है। चेयरमैन के दफ्तर की शोहरत इंग्लैंड की महारानी के महल से कुछ कम नहीं थी। इन चूहों से चेयरमैन बेहद परेशान थे। बाहर से आया सारा माल बंदरगाहों पर उतरता। जब तक कि माल ट्रकों, ट्रेनों और ठेलों में लदकर चला न जाता, तब तक उसकी सारी ज़िम्मेदारी चेयरमैन की होती। इसलिए जो माल चूहे खा जाते, उसका सारा हरज़ाना चेयरमैन को देना पड़ता।

उन्होंने लंदन के सबसे मशहूर चूहे पकड़ने वालों को बुलाया। परंतु वे भी सौ दो सौ चूहे ही पकड़ पाए। इसका कारण था कि ये चूहे बेहद चालाक किस्म के थे। इन चूहों का एक राजा ज़मीन के अंदर एक बहुत गहरे बिल में रहता था। बाकी चूहे उसके खाने के लिए एक से बढ़ कर एक पकवान लाते थे।




So the Chairman of the Port of London Authority called a meeting of the Authority in the great Board Room of his office, and said, "can you suggest what is to be done about the rats?" So the Vice Chairman suggested putting an advertisement in the papers. The next week advertisements came out in all the papers. It took up a whole page, and was printed in huge letters, so that almost everyone in England read it. All the Smith family read it except great-aunt Matilda, who never read the papers, because she listened in to all the broadcast news.

उसके लिए स्विट्ज़रलैंड की क्रीम–चाकलेट, फ्रांस से आए मांस के व्यंजन और अल्जियर्स से आए पके खजूर लाए जाते थे। सभी चूहे अपने राजा का आदेश मानते। अगर कोई चूहा पकड़ा जाता तो राजा के विशेष दूत बाकी चूहों को खतरे के बारे में बता देते।

राजा के पास दस हज़ार बहादुर और शेरदिल चूहों की फौज़ थी। यह सेना किसी भी जानवर से मुकाबला करने की हिम्मत रखती थी। एक कुत्ता आराम से एक दो चूहों को तो मार सकता है, लेकिन उसपर एक साथ सौ चूहे हमला कर दें तो शायद वह तीन चार को ही मार पाएगा, आखिर में वह खुद ही शहीद हो जाएगा।

जिन चूहों के सबसे पैने दांत थे, उन्हें इंजीनियर बनने की ट्रेनिंग दी जाती थी। ये चूहे अपने पैने दांतों से किसी भी चूहेदानी के तारों को काटकर उनमें कैद चूहों को आज़ाद कराते थे।




Now this advertisement made all the competitions in the papers look silly. For the Chairman of the Port Authority offered a hundred thousand pounds and his only daughter in marriage to the man who would rid the docks of rats. (If the winner were married already, of course, he wouldn't be allowed to marry, but he got a diamond bracelet for his wife as a consolation prize.) There was a photograph of the hundred thousand pounds; and they were real golden sovereigns, not paper notes. And there was a photograph of the daughter, who was very pretty, with short curly golden hair and blue eyes. Besides this, she could play the violin, and had won prizes for cookery, swimming, and figure



एक महीने के अंदर इन चूहों ने एक सौ इक्यासी बिल्लियों और उन्नचास कुत्तों को मौत के घाट उतारा। बहुत से कुत्ते और बिल्लियां इतनी ज़ख्मी हो गए कि अगर उन्हें दूर से चूहे की खुशबू भी आ जाती तो वे डर के मारे भाग लेते। उन्होंने सात सौ बयालीस चूहों को छः सौ अट्ठारह चूहेदानियों में से मुक्त करवाया था। इसका नतीज़ा यह हुआ कि चूहा पकड़ने वालों ने चूहा पकड़ने का धंधा ही छोड़ दिया।

कैमिस्ट की दुकान से अलग–अलग किस्म के चूहामार ज़हर लाए गए। उन्हें खाने की चीज़ों में मिलाकर पूरे बंदरगाह में फैलाया गया। राजा चूहे ने तुरंत आदेश दिया, ''चूहे केवल वही खाना खाएं जो सीधे बोरे, डिब्बे या ड्रम से निकला हो।''



skating. The only snag was that the competitors had to bring their own things for killing the rats, so really it cost a lot of money to go in for competition.

Still thousands and thousands of people went in for it. They had to get three extra postmen to take the letters to the Chairman the next morning. And so many people rung him up on the telephone that the wires melted. For months and months all sorts of people tried their luck. There were chemists, and zoologists and spiritualists and lion hunters, but none of them were able to kill more than a few rats. What was worse, they interfered with the unloading of the ships, and quite a lot of corn had to be sent round by Liverpool and Cardiff and Hull and Southampton instead of London.

इसका असर यह हुआ कि केवल वही चूहे मरे, जिन्होंने राजा की बात नहीं मानी। कुछ चूहों ने तो इन अराजक चूहों की मौत पर खुशी भी मनाई। कुत्ते–बिल्लियों, पिंजरों–चूहेदानियों की ही तरह ज़हर भी चूहों को मार नहीं पाया।

इससे परेशान होकर लंदन पोर्ट अथारिटी के चेयरमैन ने एक बड़ी मीटिंग बुलाई। इसमें उन्होंने सबसे पूछा, ''इन चूहों पर काबू पाने के लिए आपलोग कोई तरीका बताइए।'' वाइस–चेयरमैन ने इसके लिए अखबार में एक इश्तहार निकालने का सुझाव दिया।






Among the people who tried their luck were Jim and Charles and Jack Smith. Jim thought that if only he could make a trap that looked quite ordinary, he would be able to fool the rats, just as he used to fool the masters at school. Now he knew that there were all sorts of old tins lying about the docks, so he designed a special sort of trap made from an old tin. The rat smelt the bait inside it and jumped on the top. But the top was a trap-door, and so the rat fell through and couldn't get out again. He spent all his spare time making these traps, and he got his friend to help. He borrowed ten pounds from his father, and got Bill Johnson, who was an out-of-work tinsmith, to make more for him. In the end he had one thousand three hundred and ninety-four of these traps; but seventeen of them were pretty bad, so he didn't bring them.



अगले हफ्ते सारे अखबारों में यह इश्तहार छपा। इश्तहार पूरे पन्ने का था। एकदम मोटे–मोटे अक्षरों में छपा था, जिससे कि इंग्लैंड के सभी नागरिक इसे पढ़ पाएं। मिस्टर स्मिथ के परिवार के सभी लोगों ने उसे चाव से पढ़ा। केवल नानी मटिल्डा उसे नहीं पढ़ पायी। नानी कभी अखबार पढ़ती ही नहीं थी। वह सारी खबरें रेडियो पर ही सुन लेती थीं।



He went along to Tower Hill with his traps on one his father's carts, and saw the Vice Chairman, who was a duke, and was looking after all the rat-catching. The Vice Chairman said, "Of course these traps aren't enough to go all around all the docks, but we will try them on one." So they tried them on the West India Dock, where the ships come from Jamaica and the other islands round it, with sugar and rum and treacle and bananas. I don't think that was a very good place to choose, because the rats there are quite specially quick and nimble. This is because they are constantly tumbling into barrels and vats and hogsheads and demijohns of treacle. The slow ones get stuck in it, and that is the end of them. Only the quick ones escape. So all the rats round there are very quick, and good climbers.

इस इश्तहार के सामने अखबार में छपी बाकी प्रतियोगिताएं एकदम बचकानी दिखती थीं। लंदन पोर्ट अथारिटी के चेयरमैन ने बंदरगाह को चूहों से मुक्त कराने वाले को एक लाख पौंड का पुरस्कार देने की घोषणा की थी। साथ में चेयरमैन ने अपनी इकलौती लड़की की शादी भी उस आदमी से करने का वादा किया था। (अगर आदमी पहले से ही शादी–शुदा हो तो उसे दुबारा शादी की अनुमति नहीं मिलेगी। तब उसकी पत्नी को एक हीरे का कंगन भेंट किया जाएगा।)


इश्तहार में एक लाख पौंड कीमत की सोने की मोहरें दिखाई गई थीं, न कि कागज़ के नोट। साथ में चेयरमैन की लड़की का फोटो भी छपा था। वह देखने में बेहद सुंदर थी। उसके बाल सुनहरे और घुंघराले थे और आंखें नीली थीं। वह वायलिन बजाती थी। उसने तैराकी और स्केटिंग में कई ईनाम जीते थे।



Half Jim's traps were baited with cheese and half with bacon. The first night they caught nine hundred and eighteen rats. Jim was terribly pleased, and thought he was going to win the prize. But the next night they only caught three rats, and the third only two. The king rat had warned all his subjects to avoid tins, and only stupid and disobedient ones got caught. On the fourth night they moved the traps to the Victoria Docks, but they only caught four rats. The warning had been spread. So Jim went home very sad. He had wasted a lot of time and ten pounds, and the other boys at school called him Tinned Rats.



प्रतियोगिता में भागीदार को चूहे मारने का सारा ताम–झाम खुद लाना था। प्रतियोगिता में भाग लेना इस वज़ह से एक महंगा सौदा बन गया था। इसके बावज़ूद सैकड़ों हज़ारों लोगों ने इसमें अपना भाग्य आज़माया। अगली सुबह चेयरमैन के पास इतनी सारी चिट्ठियां आयीं, कि उनको ले जाने के लिए तीन और डाकियों की ज़रूरत पड़ी। चेयरमैन को इतने लोगों ने टेलीफोन किए कि अंत में गर्म होकर टेलीफोन के तार ही गल गए।



Charles Smith had quite a different scheme. He invented a special kind of poison with no taste or smell. I am not going to tell you what it was, or how to make it, because some murderer might read this story, and use it to kill all sorts of people. He made a lot of this poison, and he also made a lot of the stuff that gives the smell to Roqueforte cheese, which is a very cheesy kind of cheese made in France. This is called methyl-heptadecylketone, and I think it has a lovely smell. Some other people don't like it, but rats do. He borrowed twenty pounds from his father, and got a hundred cheap and nasty cheeses. Then he cut each into a hundred bits. He soaked them first in poison, and then in the stuff with the Roquefort smell, and put them into ten thousand cardboard boxes. He thought that if he did that the rats would not think that they were ordinary poisoned bait, which is just scattered about, and not in boxes at all. But the boxes were cardboard, so that the rats could get in quite easily.

अगले कई महीनों तक तमाम लोग अपना भाग्य आज़माते रहे। कैमिस्ट, जादूगर, वैज्ञानिक, प्राणीशास्त्री, साधु–महात्माओं से लेकर इसमें शेर के शिकारी तक शरीक थे। परंतु कोई भी महारथी चंद चूहों को मारने के अलावा और अधिक कुछ न कर सका। इन लोगों की दखलंदाज़ी के कारण जहाज़ों में से माल उतारने में दिक्कत होने लगी। इस वजह से बहुत सारी मक्का को लंदन की बजाय दूसरे बंदरगाहों से विदेश भेजना पड़ा।




All through one day two men with wheelbarrows went round the docks, leaving the ten thousand cheese boxes in different places. And Charles went behind them with a squirt, and squirted the cheesy, stuff over them. The whole of east London smelt cheese. That afternoon when the sun set the rats came out, and they said to one another, "This must be a marvellous cheese, quite a little box of it smells as much as a whole case of ordinary cheese." So a great many of them ate it. They even brought some back to the king rat. But luckily for him he had just had a huge meal of walnuts and smoked salmon and wasn't hungry. The poi-



भाग्य आज़माने वालों में जिम, चार्ल्स और जैक स्मिथ भी थे। जिम ने एकदम साधारण–सी दिखने वाली चूहेदानी बनाने की सोची। वह जैसे स्कूल में मास्टरों को फंसाता था, उसने वैसे ही चूहों को फंसाने की ठानी। उसे बंदरगाह के आस–पास टीन के तमाम पुराने डिब्बे फैले हुए दिखाई पड़े। उसने इन्हीं डिब्बों से एक विशेष प्रकार की चूहेदानी बनाई। चूहे डिब्बे के अंदर की खुशबू सूंघकर उस पर कूदेंगे ही। परन्तु टीन के ऊपरी हिस्से में तो चूहेदानी का दरवाज़ा था। उसमें से चूहा अंदर तो चला जाएगा परंतु वह फिर बाहर नहीं निकल पाएगा।

जिम अपने सारे खाली समय में डिब्बों की चूहेदानियां बनाता रहता। इसके लिए उसने अपने पिता से दस पौंड कर्ज़ भी लिए। टीन के डिब्बे बनाने वाले एक बेरोज़गार मिस्त्री को भी उसने चूहेदानियां बनाने के काम में लगा लिया था। अंत में कुल मिलाकर उन्होंने एक हज़ार तीन सौ चौरानवे चूहेदानियां बनायीं। इनमें से सत्रह में कुछ नुक्स रह गया था, इसलिए उन्हें छोड़ दिया गया।



son took some time to work, and it wasn't until three o'clock in the morning that the rats began to die of it. The king at once suspected the cheese, and sent out messengers to warn his subjects against it.

जिम ने सारी चूहेदानियों को अपने पिता के सब्ज़ी के ठेलों पर लादा और वह वाइस–चेयरमैन से मिलने चला। वाइस चेयरमैन ही 'चूहा मारो अभियान' की देख–रेख कर रहे थे। उन्होंने कहा:

"इतनी चूहेदानियां सभी बंदरगाहों के लिए तो कम होंगी। इसलिए हम पहले इन्हें केवल एक ही बंदरगाह में इस्तेमाल करके देखेंगे।"

इसके लिए 'वेस्ट–इंडिया' नाम का बंदरगाह चुना गया। यहां जमाईका और उसके आस–पास के द्वीपों से जहाज़ आते थे। वे अपने साथ–साथ चीनी, रम, शीरा और केले लाते थे। यहां के चूहे तेज़–तर्रार थे। शीरे के ड्रमों और कनस्तरों में से अंदर–बाहर आना उनके बांये हाथ का खेल था। कभी–कभी कुछ चूहे शीरे में फंस जाते और वहीं मर जाते। केवल तेज़ छलांग लगाने वाले और होशियार चूहे ही बचते। इसलिए यहां के चूहे कूदने–फलांगने में काफी उस्ताद हो गए थे।



Also there was a wicked rat which had been sentenced to death for eating its own children, and the kind made it eat the bit of cheese that had been brought to him. When he died he knew the cheese was poisoned, and sent out another lot of messengers. The next morning they picked up four thousand five hundred and fourteen dead rats, and ever so many more were dead in their holes, besides others that were ill. The Chairman was so pleased that he gave Charles the money to buy another lot of cheeses. But



जिम ने आधी चूहेदानियों में पनीर और आधी में गोश्त के टुकड़े रखे। पहली रात को नौ सौ अट्ठारह चूहे पकड़े गए। इससे जिम बड़ा खुश हुआ। उसे लगा कि अब वह ईनाम ज़रूर जीत जाएगा। परंतु दूसरी रात केवल तीन ही चूहे पकड़े गए। तीसरी रात केवल दो।


राजा चूहे ने सभी चूहों को टीन के डिब्बों से बचने की चेतावनी दे दी थी। इसलिए केवल बेवकूफ और आज्ञा न मानने वाले चूहे ही पकड़े गए।



when, two days later, they left them about, only two out of the eight thousand boxes had been opened. So they knew the rats had been too clever for them again. Charles was very sad indeed. He had been so sure of his success that he had ordered a wedding ring for his marriage with the Chairman's daughter, and written to the Archbishop of Canterbury to marry them. Now he had to write to the jeweller and the Archbishop to say he wasn't going to marry after all. And worst of all, the cheesy smell stuck to him for a month. They wouldn't have him back in school, and he had to sleep in the coal shed at home.

चौथी रात चूहेदानियों को विक्टोरिया बंदरगाह में ले जाया गया। वहां भी केवल चार चूहे ही पकड़ में आए। राजा चूहे की चेतावनी दूर–दराज़ तक फैल चुकी थी। जिम कुछ खास कर नहीं सकता था। वह मुंह लटकाए घर लौट आया। समय बर्बाद करने के साथ–साथ उसने अपने पिता के दस पौंड भी लुटा दिए थे। स्कूल के शरारती लड़के जिम को 'टीन का चूहा' कह कर चिढ़ाने लगे।

चार्ल्स स्मिथ की योजना कुछ अलग थी। उसने एक ऐसे ज़हर का आविष्कार किया जिसमें न तो कोई स्वाद था और न ही कोई खुशबू। मैं आपको इसे बनाने का तरीका नहीं बताऊंगा, क्योंकि हो सकता है कि कोई हत्यारा इस कहानी को पढ़कर, उस ज़हर से कुछ लोगों को खत्म कर दे।



Last of all Jack tried his plan. It needed a lot of money, and though he borrowed thirty pounds from his father, it was not enough. But he borrowed some more from me, and sold some wireless sets that he had made, until he gradually got all he needed. He brought some very fine iron filings, much finer than the ordinary kind, and had baked them into biscuits. The biscuits were left about the docks. At first the rats would not touch them, but



चार्ल्स ने काफी मात्रा में इस ज़हर को बनाया। उसने कई रसायनों को मिलाकर एक ऐसा पदार्थ बनाया जिसमें से राकफोर्ट पनीर की खुशबू आती थी। सभी लोग जानते हैं कि राकफोर्ट पनीर फ्रांस का सबसे मशहूर पनीर है। इस पदार्थ का नाम मिथाइल हेप्टाडेसाइल कीटोन था और इसमें से एकदम पनीर की खुशबू आती थी। चूहों को इस खुशबू से बेहद प्यार है।

चार्ल्स ने अपने पिता से बीस पौंड उधार लिए। वह बहुत सारा सस्ता और घटिया किस्म का पनीर खरीद लाया। उसने पहले पनीर को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटा। फिर उन टुकड़ों को ज़हर में डुबोया। फिर उन पर राकफोर्ट पनीर वाली खुशबू छिड़की। इन टुकड़ों को दस हज़ार गत्ते के डिब्बों में रखा गया। उसने सोचा कि अगर टुकड़ों को ऐसी ही खुले में बिखरा दिया गया, तो शायद चूहे उनपर शक करें। परंतु डिब्बों में पैक किए पनीर के ज़हरीला होने पर कौन चूहा शक करेगा?



later they found they did them no harm, and began to eat them. Meanwhile Jack got seven perfectly enormous electromagnets, which were put in different docks. At first the rats would not touch them, but later they found they did them no harm, and began to eat them. Meanwhile Jack got seven perfectly enormous electromagnets, which were put in different docks. Each was in the middle of a deep pit with smooth sides. And cables were laid so that current from the District Railway and the East London Railway could be put through the magnets.

डिब्बे पतले गत्ते के बने थे जिससे चूहे आसानी से घुस सकें। पूरे दिन भर दो आदमी ठेलों पर उन डिब्बों को लाद–लाद कर बंदरगाह के कोने–कोने में ले गए। चार्ल्स उनके पीछे–पीछे जाता और उन डिब्बों पर पनीर की खुशबू वाला पदार्थ छिड़कता। उस दिन लंदन का समस्त पूर्वी भाग पनीर की खुशबू से महक रहा था।

सूरज ढलने के बाद चूहे अपने बिलों से निकले। उन्होंने एक–दूसरे से कहा, ''यह तो कोई ग़ज़ब का पनीर मालूम होता है। इसके एक छोटे से डिब्बे की खुशबू, एक पेटी भर साधारण पनीर को मात करती है।''

चूहों ने पनीर को जम कर खाया। वह कुछ पनीर राजा चूहे के भोज के लिए भी ले गए। खुशकिस्मती से राजा चूहे ने तभी–तभी पेट भर कर बादाम और अखरोट खाए थे। उसके पेट में बिल्कुल जगह नहीं थी।



Luckily Jack knew the head electrical engineer on the underground railways, because they were both keen on wireless, so he was able to arrange to borrow their current. When he thought that the rats had eaten enough iron filings he made arrangements to turn the current through the magnets. All loose iron, steel, or nickel things had to be tied up. And the ships, because they are made of steel and iron, had to be tied up very tight indeed with



ज़हर को असर करने में कुछ समय लगा। सुबह तीन बजे से चूहों के मरने का सिलसिला ज़ारी हुआ। राजा चूहे का शक एकदम पनीर पर गया। उसने अपने दूतों द्वारा पनीर न खाने का संदेश सारे चूहों में फैला दिया।

एक काफी ज़ालिम किस्म का चूहा था। अपने खुद के बच्चों को खाने के इल्ज़ाम में उसे मौत की सज़ा हो चुकी थी। राजा चूहे ने उसे थोड़ा सा ज़हरीला पनीर खाने का आदेश दिया। थोड़ी देर में वह चूहा मर गया। इससे पनीर का ज़हरीला होना पक्का हो गया। अब राजा ने और दूतों के ज़रिए अपना संदेश भिजवाया। अगले दिन सुबह चार हज़ार पांच सौ चौदह मरे हुए चूहे पाए गए। तमाम चूहे बिलों में ही मरे पड़े थे। कई चूहों की तबियत काफ़ी खराब थी।




extra cables. And all the people in the docks that night had to wear special boots or shoes with no nails in them; except the Vice Chairman who was a duke, so of course he had gold nails in his boots.

चेयरमैन यह देख कर बेहद ख़ुश हुए। उन्होंने चार्ल्स को और पनीर खरीदने के लिए पैसे दिए। परंतु दो दिन बाद आठ हज़ार डिब्बों में से मात्र दो डिब्बों को खुला पाया गया। मामला साफ था। चूहे आदमियों के मुकाबले ज़्यादा चालाक निकले।

चार्ल्स बेहद दुखी हुआ। वह जीतेगा ही, उसे इस बात का पक्का विश्वास था। चर्च के पादरी को शादी करवाने के लिए पत्र उसने लिख दिया था। उसने सुनार और पादरी को दुबारा पत्र लिखे कि उसने अब शादी करने का इरादा बदल दिया है। सबसे खराब बात यह हुई कि पनीर की खुशबू उसकी चमड़ी के साथ महीना भर तक चिपकी रही। उसे स्कूल ने वापिस लेने से इंकार कर दिया। घर में भी उसे कोयले की कोठरी में सोना पड़ा।

अंत में जैक ने अपनी योजना बनाई। इसमें खर्चा कुछ अधिक था। उसने अपने पिता से तीस पौंड का कर्ज़ लिया था, लेकिन वह काफी नहीं था। उसने कुछ वायरलैस सेट मुझे बेचे। कुछ पैसा मुझ से भी उधार लिया। धीरे धीरे उसके पैसों की ज़रूरत पूरी हुई।






उसने ढेर सारा लोहे का एकदम महीन बुरादा खरीदा। उसे आटे और चीनी में मिलाकर उनके बिस्कुट बनवाए। बिस्कुटों को बंदरगाह में सभी जगह बिखरा दिया गया। शुरू में तो चूहों ने शक में इन्हें छुआ तक नहीं। बाद में उन्हें बिस्कुटों में कोई नुकसान नहीं दिखा। तब जाकर उन्होंने खूब बिस्कुट खाए।

इसी बीच जैक ने सात बड़े–बड़े बिजली के चुम्बकों का जुगाड़ किया। इन्हें अलग–अलग बंदरगाहों में रखा गया। हरेक बिजली के चुम्बक को एक गहरे गड्ढे में रखा गया। फिर बिजली के तार बिछाए गए। बिजली करंट से, चुम्बकों को चालू किया गया।

रेलवे का इलेक्ट्रिकल इंजिनियर संयोगवश जैक का दोस्त निकला। दोनों की वायरलैस में गहरी रुचि थी। दोस्ती के कारण जैक को रेलवे से बिजली उधार लेने में दिक्कत नहीं हुई। जब चूहों ने लोहे का ढेर सारा बुरादा खा लिया तभी चुम्बकों में से करंट बहाया गया।




At half-past one in the morning the last underground railway train had stopped, and they turned all the current that had been working the trains into the first magnet. A few rusty nails and tin cans came rushing towards it, and so did the rats, but more slowly. They were full of iron filings, and the magnet just pulled them. Soon the hole round the magnet was full of rats, and they switched the current on to the next magnet. Then they turned on the third magnet, and so on. Of course only the rats that were above ground were pulled into the holes by the magnets. But they turned them on again and again, and as more and more came out of their holes they were caught too.

उसके पहले लोहे, स्टील और निकिल की सभी चीज़ों को बांध दिया गया। सारे जहाज़ लोहे के बने होते हैं, इसलिए उन्हें मोटे रस्सों से कस कर बांध दिया गया। उस रात बंदरगाह पर ड्यूटी पर आए सभी कर्मचारियों को बिना कीलों वाले जूते पहनने पड़े। वाइस-चेयरमैन की बात अलग थी। वह ड्यूक था। उसके जूतों में सोने की कीलें लगी थीं।

आधी रात के बाद करीब डेढ़ बजे लंदन की करीब सभी अंडरग्राउंड ट्रेनों की ड्यूटी खत्म हुई। तब बिजली का सारा करंट जो ट्रेनों को खींच रहा था—उसे पहले विद्युत चुम्बक में बहाया गया। पहले तो कुछ ज़ंग लगी कीलें और टीन के डिब्बे ही उसकी ओर आकर्षित हुए। फिर कुछ चूहे भी आ चिपके। जिन चूहों के पेट लोहे के बुरादों से भरे थे, वे चुम्बक की ओर खिंचे चले आए।

थोड़ी ही देर में चुम्बक वाला गड्ढा चूहों से खचाखच भर गया। पहला गड्ढा भर जाने के बाद करंट को दूसरे चुम्बक में छोड़ा गया। इसी तरह एक के बाद एक करके सभी चुम्बकों में करंट छोड़ा गया।



The king rat knew something was going wrong, and felt himself pulled to one side of his hole. He sent out messengers, but they never came back. At last, he went out himself, and a magnet pulled him into one of the pits. When morning came they turned on water taps and drowned all the rats that had been caught by the magnets. These rats weighed a hundred and fifty tons. No one ever counted them, but they reckoned to have caught three-quarters of a million.



पहले तो केवल वही चूहे चुम्बक के चपेट में आए जो अपने बिलों से बाहर थे। फिर हरेक चुम्बक में थोड़ी—थोड़ी देर बाद दुबारा करंट बहाया गया। अब जैसे—जैसे चूहे बिलों से बाहर निकलते, वह झट से चुम्बकों द्वारा पकड़ लिए जाते। धीरे—धीरे बहुत सारे चूहे पकड़े गए।

चूहों के राजा को इस गड़बड़ी का आभास हो गया था। उसको लगा कि वह खुद बिल की एक दीवार की ओर खिंचा जा रहा है। उसने अपने दूतों को बाहर भेजा। लेकिन वे दूत दुबारा वापिस नहीं आए। अंत में वह हालचाल जानने के लिए खुद ही बाहर निकला। उसे एक चुम्बक ने खींच लिया।

सुबह होते ही सारे गड्ढों में लबालब पानी भर दिया गया, जिससे सारे चूहे डूब कर मर जाएं। मरे चूहों को जब तोला गया तो उनका भार करीब एक सौ पचास टन निकला। किसी ने मरे चूहों को गिना तो नहीं, फिर भी करीब साढ़े सात लाख चूहे पकड़ में आए।




There were some awkward accidents. A night watchman called Alf Timmins had forgotten to wear boots without nails. So the magnet pulled him along feet first. He managed to get his boots off just as he was on the edge of the rat pit, but a rat hung on to each of his toes, and the magnet pulled these rats so hard that all his toes came off. So now he has no toes, like the Pobble, and takes a smaller size in boots than he used to. But another watchman called Bert Higgs had better luck. Before the war he had been a great billiard-player, but he got a bit of a shell into his brain, and couldn't play billiards any more. And none of the doctors could get the bit out. So when Jack turned the magnet on the bit of shell came popping out of his head, and the part of his brain made him so good at billiards started working again. So now he is billiard-champion of Poplar.

चूहा पकड़ो अभियान के दौरान कुछ दुर्घटनाएं भी हुईं। रात की ड्यूटी पर आया एक चौकीदार बिना कीलों वाले जूते पहनना भूल गया। वह पैरों के बल चुम्बक की ओर खिंचता हुआ गया। गड्ढे के पास आते–आते उसने किसी तरह अपने जूते तो उतार दिए। फिर भी उसके पैरों की उंगलियों से दो चूहे लटके रह गये।

चूहों को चुम्बक ने इतनी ताकत से खींचा कि चौकीदार की उंगलियां टूट कर चूहों के साथ चुम्बक से जा चिपकीं। वह चौकीदार अब छोटे साइज़ का जूता पहनता है।

दूसरे चौकीदार की किस्मत कुछ अच्छी रही। महायुद्ध से पहले वह बिलियर्ड का एक अच्छा खिलाड़ी था। लड़ाई के दौरान उसके सिर में कुछ लोहे के छर्रे घुस गए थे। बहुत कोशिशों के बाद भी कोई डाक्टर उन छर्रों को निकाल नहीं पाया। इस वज़ह से वह बिलियर्ड खेल नहीं पाता था।



The next night they turned on the magnets again, and caught a lot more rats, about a hundred tons. Their king was dead, so they did not know what to do. After that the few rats that were left were so frightened that they all ran away. Some got on to ships and went abroad. Some went into London, and were a great nuisance to the people there, but none stayed in the docks. They caught the fourth night, and though they hunted with dogs and ferrets the next day, there wasn't a rat in the place.



परंतु जैसे ही जैक ने चुम्बक में करंट बहाया, वैसे ही चौकीदार के सिर में से लोहे के छर्रे बाहर निकल आए। छर्रे निकालने के बाद उसका दिमाग बिलियर्ड खेलने में दुबारा काम करने लगा। अब वह चौकीदार बिलियर्ड का चैंपियन बन गया है।

दूसरी रात चुम्बकों में दुबारा बिजली दौड़ाई गई। इस बार करीब सौ टन चूहे पकड़े गए। चूहों का राजा पहले ही मारा जा चुका था। इसलिए चूहों को सही रास्ता दिखाने वाला कोई लीडर नहीं बचा था। तीसरी रात भी बहुत सारे चूहे पकड़े गए। इसके बाद जो भी बचे–खुचे चूहे थे, वे डर के मारे इधर–उधर भाग गए।



So, Jack Smith got the hundred thousand pounds and married the Chairman's daughter on a ship at sea. He didn't want to be married in church, and he thought the registrar's office was ugly, so he hired a ship, and when they were three miles from shore the captain married them, which he couldn't have done if they had been only two and a half miles away, because that is the law. They had two boys and girls, and Jack got a very good job with the B.B.C. as an engineer. With all that money he might have lived all his life without doing any work, but he was so fond of wireless that he wanted to go on working at it.

कुछ चूहों ने लंदन शहर में पलायन किया। वहां के लोगों को परेशान किया। परंतु बंदरगाह में एक भी चूहा नहीं बचा। तमाम कोशिशों के बावजूद चौथी रात एक भी चूहा पकड़ में नहीं आया। अगले कुछ दिनों तक कुत्ते और बिल्लियों की मदद से चूहों को पकड़ने की कोशिश की गई। फिर भी एक भी चूहा पकड़ में नहीं आया।

जैक स्मिथ को एक लाख पौंड मिले। उसकी शादी चैयरमैन की लड़की के साथ एक आलीशान जहाज़ पर हुई। वह चर्च में शादी नहीं करना चाहता था। रजिस्टार के दफ्तर से भी उसे नफ़रत थी। उसने एक बड़ा जहाज़ किराए पर लिया। किनारे से तीन किलोमीटर दूर जाने पर कप्तान ने उनकी शादी की। अगर दूरी ढाई किलोमीटर होती तो कप्तान का ऐसा करना ग़ैरकानूनी होता।


उनके दो बेटी और दो बेटे हुए। जैक को बी.बी.सी. में एक इंजिनियर की अच्छी नौकरी मिल गई। अगर वह चाहता तो उन एक लाख पौंड से सारी ज़िंदगी बैठ कर खाता। लेकिन उसे वायरलैस से इतना प्रेम था कि वह जीवन भर उसी से खेलते रहना चाहता था।

जैक की बहन ने ड्यूक से शादी कर ली। इसलिए वह डचेज़ बन गई। उसकी सैंडिल में हीरे की एंड़ी है, जो उसके पति के जूते में लगी सोने की कीलों से मेल खाती हैं। जैक ने अपने दोनों भाइयों–जिम और चार्ल्स–को खूब धन दिया, जिससे वे अपने शौक के मुताबिक कारोबार कर सकें।

जिम ने पैसों से जादू की छड़ी और काला टोप खरीदा। वह आगे जाकर एक मशहूर जादूगर बना। बाद में यह चार्ल्स यूनीवर्सिटी में कैमिस्ट्री का प्रोफेसर बना। मैं भी एक प्रोफेसर हूं और उसे अच्छी तरह से जानता हूं। उसके बाद सभी ने एक खुशहाल ज़िंदगी बिताई।

❐❐❐





His sister married the duke, so she is a duchess; but of course duchesses aren't so important as they used to be. She has diamond heels in her shoes to match her husband's gold nails. He gave his brothers Jim and Charles money to start in their professions. So Jim spent it on magic wands and trick hats and tables, and became a conjuror, and a very good one too. And Charles went to the University and became a professor of chemistry. I am a professor too, and I know him quite well. So they all lived happily ever after.

❐❐❐